पेज थ्री देहरादून

प्रदर्शन कर रहे भैरव सेना के कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार।



देहरादून बुधवार 5 अगस्त 2020



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### ई–लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को

**संवाददाता** देहरादून। सचिव/सिविल जज (सी.डि.) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशानुसार जनपद के समस्त न्यायालयों विकासनगर ऋषिकेश/डोईवाला में लंबित मुकदमों का सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु 12 सितम्बर को ई–लोक अदालत का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। जिला न्यायालय देहरादून के मुख्यालय एवं समस्त बाह्य न्यायालयों में 12 सितम्बर को ई–लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### संजय क्षेत्री उक्रांद के केंद्रीय प्रवक्ता मनोनीत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष दिवाकर भट्ट द्वारा पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय क्षेत्री को उक्रांद के केंद्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। दल के संरक्षक एवं गढ़वाल मंडल प्रभारी त्रिवेंद्र पवार द्वारा संजय क्षेत्री को केंद्रीय प्रवक्ता बनाए जाने पर हर्ष जताया है। केंद्रीय महामंत्री किशन सिंह रावत ने आशा व्यक्त की है कि संजय क्षेत्री का पुराना अनुभव एवं कार्य कुशलता दल को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि संजय क्षेत्री राज्य आंदोलन से अब तक महानगर सचिव देहरादून, कार्यकारी जिला अध्यक्ष दून, महानगर अध्यक्ष दून समेत दो बार केंद्रीय प्रवक्ता का दायित्व संभाल चुके हैं।

### पहाड़ों को काटकर निर्माण कार्य करना आपदा को निमंत्रणः यशवीर

**संवाददाता** देहरादून। जागरूक बनो आवाज उठाओ संगठन के संयोजक यशवीर आर्य ने कहा है कि तीर्थ स्थलों की सुन्दरता और सुविधाओं के नाम पर जिस प्रकार से पहाड़ों को काटकर निर्माण कार्य किये जा रहे हैं वह किसी आपदा को निमंत्रण देना ही है। उन्होंने कहा कि हमने क्या पिछली आपदाओं से सबक नहीं लिया गया है। वर्तमान समय मे भी किस कदर पहाड़ गिर रहे हैं यह सबको दिख रहा है। तीर्थ स्थल पर तीर्थ यात्री दर्शन के लिये आते हैं ,सुख सुविधाओं का भोग करने नही।

### विभिन्न वार्डों की समस्या समाधान की मांग, नगर आयुक्त को ज्ञापन

**संवाददाता** देहरादून। नगर निगम देहरादून के अंतर्गत विभिन्न वार्डों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तराखंड क्रांति दल के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा और इस दिशा में शीघ्र ही पहल करने की मांग की। आज दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा।

# कोविड 19 के चलते सरकारी अस्पतालों की हालत खराब

**मांग**

■ कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने स्वास्थ्य महानिदेशक से की मुलाकात, समस्या समाधान की मांग



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना वायरस कोविड 19 के चलते सभी सरकारी अस्पतालों की हालत खराब है मरीजों को परेशानियां सहित अनेकों समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक से मुलाकात की और कहा कि जिसे समय रहते हुए हल किये जाने की आवश्यकता है की मांग की गई।

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य महानिदेशक डा. अमिता उप्रेती से मुलाकात की और उन्हें अनेकों समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन में कहा गया कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सम्बन्धित घोषणाएं की गयी थी उसमें से कोई भी ठीक प्रकार से कारगर नहीं हो पायी है। दून अस्पताल में 10 दिनों में सात कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है इसेध्यान दिए जाने की अति आवश्यकता है।

जिला देहरादून में प्रत्येक वार्डो एवं ग्राम सभाओं में हेल्थपोस्ट खोला जाए जिससे समस्त स्टाफ घर–घर जाकर क्षेत्रवासियों को कोरोना एवं डेंगू जैसी बीमारियों की जानकारी दे तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाईयां दी जायें।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में पंजीकृत छोटे बडे चिकित्सकों की ओपीडी सुनिश्चित करवाई जाए जिनसे लोग कम दरों पर अपना कोरोनाध्डेंगू टेस्ट व इलाज करा सके। चिकित्सालय में डॉक्टरों, वार्ड बाय, नर्सिग स्टाफ व सफाई कर्मचारियों कि कमी की पूर्ति की जाए। ताकि मरीजों की ठीक प्रकार से देख भाल हो सके। ज्ञापन में कहा गया कि समस्त चिकित्सालय में सफाई का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया कि जगह जगह गंदगी है आस पास एवं शौचालय में छिडकाव और सफाई करवाई जाए। अधिकांश मरीजों की चिकित्सालय में दवाईयां उपलब्ध नहीं हो पा रही है उन्हें बाहर से दवाईयां खरीदनी पड़ रही है। ज्ञापन में कहा गया कि सभी चिकित्सालय परिसर में मरीजों के लिए साफ पेय जल की व्यवस्था करवायी जाए। मरीजों को एंटीबायोटिक, बच्चों की दवाईयां नहीं मिल पा रही है और शीघ्र दवाईयां उपलब्ध करवाई जाए तथा मरीजों को दिये जाने वाले स्ट्रेचरों के उपर गददे नहीं है जिससे मरीजों को परेशानी होती है और सभी डॉक्टरों, वार्ड ब्वॉय, नर्सिग स्टाफ व सफाई कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट करवाया जाए और साथ–साथ सारे स्टाफ को मास्क, ग्लव्ज, प्लास्टिक एपरिन, मेडिकल किट आदि सुरक्षा उपकरण दिए जाए। इस अवसर पर अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।

## प्रदर्शन कर रहे भैरव सेना के कार्यकर्ताओं को किया गिरफ्तार

देहरादून। भैरव सेना देवभूमि भैरव वाहिनी के धर्म संस्कृति प्रमुख यति राम स्वरूपानंद सरस्वती महाराज पिछले कई दिनों से श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु यज्ञ एवं फैज खान का विरोध अयोध्या में रहकर रहे थे। जिस पर प्रशासन द्वारा उनको समर्थकों सहित अयोध्या से बाहर भेजा गया और प्रदर्शन कर रहे भैरव सेना के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। आज भैरव सेना धर्म संस्कृति प्रमुख लखनऊ स्थित हिंदू समाज कार्यालय पर समर्थकों सहित पवित्र गंगाजल एवं तीर्थों की मिट्टी लेकर लखनऊ से अयोध्या के लिए जाने का कार्यक्रम तय कर रहे थे। जिस पर लखनऊ पुलिस द्वारा उनको गिरफ्तार किया गया। इस अवसर पर भैरव सेना के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खत्री ने कहा है कि कुल मिलाकर आज हिन्दुत्ववादी धर्म वीर योद्धा सलाखों के पीछे हैं और जिन्होंने बाबरी मस्जिद का समर्थन किया और राम मंदिर निर्माण का विरोध आज उनको पवित्र राम जन्मभूमि में सुरक्षा के साथ लाया जा रहा है और तय कार्यक्रम के अनुसार इमाम ए हिंद के नाम से मशहूर फैज खान के द्वारा मंदिर शिलान्यास की नींव के लिए फैज खान से मिट्टी डलवाई जाएगी। ऐसे कार्य से हिंदू समाज के समर्पित योद्धा, संत सभी अपने आप को उपेक्षित और असहाय महसूस कर रहे हैं, परंतु भैरव सेना के द्वारा फैज खान के द्वारा मंदिर शिलान्यास में जल और मिट्टी डालने का पूर्ण विरोध किया जाएगा।

# दून एवं उधमसिंह नगर में भी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनाये जायेंगे

**बैठक**

■ वेस्ट टू एनर्जी प्लांट शहरी विकास विभाग द्वारा बनाया जायेगा



देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने मंगलवार को सचिवालय में नगर निगम रूड़की में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित किये जाने के संबंध में बैठक ली। यह वेस्ट टू एनर्जी प्लांट शहरी विकास विभाग द्वारा बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस प्लांट के लिए 05 सितम्बर तक बिड प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके बाद देहरादून एवं उधमसिंह नगर में भी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पॉलिसी के हिसाब से ऊर्जा विभाग की सहमति लेकर प्रक्रिया जल्द शुरू की जाय।

रूड़की में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित करने के लिए 2015–16 में सिडकुल को कार्यदाई संस्था बनाई गया था, लेकिन इस प्लांट पर कार्य शुरू नहीं हुआ। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र ने शहरी विकास विभाग के माध्यम से प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, मेयर रूड़की गौरव गोयल, विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, सचिव शैलेश बगोली, एस.ए. मुरूगेशन, अपर सचिव विनोद कुमार सुमन, कैप्टन आलोक शेखर तिवारी, नगर आयुक्त रूड़की श्रीमती नुपुर वर्मा आदि उपस्थित थे।

## जनता को पांच–पांच दीये और पम्पलेट का वितरण

**संवाददाता** देहरादून। अयोध्या में पांच अगस्त को श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का शिलान्यस किये जाने पर अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच हर व्यक्ति को पांच–पांच दीये और पम्पलेट का वितरण किया गया। अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल के कार्यकर्ता गांधी पार्क के बाहर मुख्य द्वार के समक्ष जमा हुए और वहां पर उन्होंने अयोध्या में पांच अगस्त को श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन का शिलान्यस किये जाने पर अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने जनता बीच हर व्यक्ति को पांच–पांच दीये व पम्पलेट का वितरण किया गया तथा बुधवार को उन्हें प्रज्जवलित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पिछले पांच सौ वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए कल पांच अगस्त को भूमि पूजन के लिए शिलान्यास किया जा रहा है जो एक ऐतिहासिक कदम केन्द्र सरकार का है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।